प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल
"चयन भवन" ,मेन रोड नं. 1. चिनार पार्क ईस्ट० भोपाल 462011
फोन न.— .+91-755-2578801-02-03-04, Fax:.+91-755-2550498,
website: www.peb.mp.gov.in, E-Complain Id : Complain.peb@mp.gov.in

# प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट - 2020

## (केवल महिला अभ्यर्थियों के लिये)

परीक्षा संचालन एवं प्रवेश नियम पुस्तिका

| ऑनलाईन आवेदन-पत्र | |
|---|---|
| भरने की प्रारम्भ तिथि : 05.01.2021 | भरने की अंतिम तिथि : 19.01.2021 |
| आवेदन पत्र मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि : 05.01.2021 | आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : 24.01.2021 |
| परीक्षा दिनांक व दिन | 06.02.2021 & 07.02.2021, शनिवार एवं रविवार |
| **परीक्षा शुल्क** | |
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये | रू. 400/- |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग / नि:शक्तजन अभ्यर्थियों के लिये | रू. 200/- |
| ऑनलाईन आवेदन -कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीआनलाईन का पोर्टल शुल्क रूपये 60/- देय होगा । इसके अतिरिक्त रस्टिर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रू. देय होगा । | |

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

| परीक्षा दिनांक एवं दिन | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिये रिपोटिंग समय | महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|---|
| 06.02.2021 & 07.02.2021, शनिवार एवं रविवार | प्रथम | प्रात: 07:00 - 08:00 बजे तक | 08:50 से 09:00 बजे तक (10 मिनट) | प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक (2:00 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 12:00 - 01:00 बजे तक | 01:50 से 02:00 बजे तक (10 मिनट) | दोपहर 02:00 से 04:00 बजे तक (2:00 घंटे) |

टिप्पणी :-

1. अभ्यर्थी को मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।
2. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है ।
3. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस, तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यु.आई.डी.ए.आई(UIDAI )के द्वारा सत्यापित(Verify ) होने पर ही ई आधार मान्य होगा । मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा ।
4. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड / ईआधार कार्ड की / आधार कार्ड-आधार / आधार नंबर / छायाप्रतिVID की जानकारी लाना अनिवार्य हैं |
5. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।
6. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोटिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी । इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी ।
7. परीक्षा कक्ष में डिवाईस इलेक्ट्रानिक यथा मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
8. ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाईन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
9. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
10. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं होगी ।

11. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण पी.ई.बी. द्वारा नहीं किया जाता हैं | अत: कम्प्युटर आधारित **online** परीक्षा मे उम्मीदवारो की पात्रता (**Eligibility**) पूर्णत प्रावधिक (Provisional) होगी |


**प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल, म0प्र0**

चयन भवन, मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल - 462011

फोन नं. 0755-2578801, 02, 03, 04 फैक्स : 0755-2550498

वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in, ई-मेल : E-Complain Id : Complain.peb@mp.gov.in


## प्री नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट - 2020

**(केवल महिला अभ्यर्थियों के लिये)**

**विषय-सूची**


| स.क्रं. | अध्याय | विवरण | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|
| 1. | 1 (अ),(ब) | संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएँ के लिये विभागीय नियम | **03-24** |
| 2. | 2. | प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल की परीक्षा संचालन संबंधी नियमावली एवं निर्देश | **25-41** |
| 3. | 3. | परीक्षा का पाठ्यक्रम | **42-48** |
| 4. | 4. | विभिन्न प्रमाण पत्रों के प्रारूप | **49-57** |
| 5. | **प्रारूप-10** | आनलाईन आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी का फोटो, हस्ताक्षर एवं स्वयं की हस्तलिपी पत्रक | **58** |

(शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु)

**For Admission in Govt. Nursing Colleges**

# PNST

# 2020

**SELECTION RULES FOR ADMISSION
TO B.Sc. NURSING (4 YEAR COURSE)
IN PH & FW GOVERNMENT NURSING INSTITUTIONS**

## शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों के बीएससी नर्सिंग (4 वर्षीय पाठयक्रम) में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों के लिए चयन संबंधी नियम

## (FOR FEMALE CANDIDATE ONLY)

## (केवल महिला उम्मीदवारों के लिए)

**GOVT. OF MADHYA PRADESH
FORMULATED AND ISSUED BY
DIRECTORATE OF HEALTH SERVICES
SATPUDA BHAWAN, BHOPAL**

मध्य प्रदेश शासन

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें

सतपुडा भवन, भोपाल

# अध्याय - 1(अ)

नियम

**1. सामान्य-**

ये नियम राज्य के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ''शासकीय बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रशिक्षण हेतु चयन के नियम'' कहलायेंगे।

**ये नियम उन उम्मीदवारों पर लागू होंगे जो मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश चाहते हैं।**

2. परिभाषा - इन नियम में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो -:

(क)**"विभाग"**से अभिप्रेत है -मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग।

(ख) **"परीक्षा"**से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा।

(ग) **"पी.एन.एस.टी."((PNST)** टेस्ट से अभिप्रेत है **PRE-NURSING SELECTION TEST((PNST)** चयन परीक्षा।

(घ) **"अनुसूचित जाति"** से अभिप्रेत है कोई जाति, मूलवंश या जनजाति अथवा ऐसी जाति, मूलवंश या जनजाति का भाग या उसमें का यूथ जिसे भारत के संविधान के अनुछेद 341 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है।

(च) **"अनुसूचित जनजाति"** से अभिप्रेत है कोई जनजाति या जनजाति समुदाय अथवा ऐसी जनजाति या जनजाति समुदाय का भाग या उसमें का यूथ जिसे भारत के संविधान के अनुछेद 342 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है।

(छ) **"राज्य"** से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश राज्य।

(ज) **"पी.ई.बी."** से अभिप्रेत है प्रोफेशनल एक्जॉमिनेशन बोर्ड म.प्र.।

**3. सीटों का विवरण -:**

**3.1 लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों में श्रेणीवार सीटों का विवरण:-**

| **सं. क्र.** | **श्रेणी** | **कुलसीट** |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 144 |
| 2 | ई. डब्ल्यू. एस. | 54 |
| 3 | अनुसूचित जन जाति | 108 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 90 |
| 5 | अन्य पिछडा वर्ग | 144 |
| | कुल | 540 |

**3.2 लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयोंमें खुली प्रतियोगिता एवं आशा कार्यकर्ताओं हेतु संस्थावार/श्रेणीवार सीटों का विवरण-**

| क्र.. | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | कुल रिक्त सीटों की संख्या 100% | ई. डब्ल्यू. एस.(10%) | अनारक्षित | | अन्य पिछडा वर्ग(क्रीमीलेयर को छोडकर) (27%) | | अनुसूचित जाति. (16%) | | अनुसूचित जन जाति. (20%) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सीधी भर्ती | आशा कार्य. | सीधी भर्ती | आशा कार्य. | सीधी भर्ती | आशा कार्य. | सीधी भर्ती | आशा कार्य. |
| 1 | रानी दुर्गावती बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालय, जबलपुर | 60 | 6 | 15 | 1 | 15 | 1 | 9 | 1 | 11 | 1 |
| 2 | बी.एस.सी नर्सिंग महाविद्यालय, उज्जैन | 60 | 6 | 15 | 1 | 15 | 1 | 9 | 1 | 11 | 1 |
| 3 | बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालय देवास | 60 | 6 | 15 | 1 | 15 | 1 | 9 | 1 | 11 | 1 |
| 4 | बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालय सतना | 60 | 6 | 15 | 1 | 15 | 1 | 9 | 1 | 11 | 1 |
| 5 | बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालय रायसेन | 60 | 6 | 15 | 1 | 15 | 1 | 9 | 1 | 11 | 1 |
| 6 | बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालय दतिया | 60 | 6 | 15 | 1 | 15 | 1 | 9 | 1 | 11 | 1 |
| 7 | बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालय विदिशा | 60 | 6 | 15 | 1 | 15 | 1 | 9 | 1 | 11 | 1 |
| 8 | बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालय झाबुआ | 60 | 6 | 15 | 1 | 15 | 1 | 9 | 1 | 11 | 1 |
| 9 | बी.एस.सी. नर्सिंग महाविद्यालय मंदसौर | 60 | 6 | 15 | 1 | 15 | 1 | 9 | 1 | 11 | 1 |
| कुलयोग | | 540 | **54** | **135** | **9** | **135** | **9** | **81** | **9** | **99** | **9** |

**नोट -:अन्य पिछडावर्ग के लिए आरक्षण माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मान्य किया जावेगा।**

## 4. शैक्षणिक योग्यता/अन्य अहर्ताएं :-

4.1 उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, तथा मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो।

4.2 नर्सिंग जिसका सीधा संबंध जन सामान्य के स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज में है। सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग म0प्र0 का राजपत्र दिनॉक 2019/12/20के अनुसार शारिरिक रूप से दिव्यांग (लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त,बोनापन, एसिड अटैक पीडित मस्कुलरडिस्ट्राफी) प्रवेश हेतु पात्र होंगें इसके अतिरिक्त अन्य दिव्यांग उम्मीदवार प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अपात्र होंगें |

4.3 बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उम्मीदवार माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश/म.प्र .राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद् भोपाल/सीबीएसई/आईसीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों से 10+2 प्रणाली 12 वी विज्ञान संकाय (भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीवविज्ञान) एवं अंग्रेजी विषयों को लेकर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हो। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत अंक की छूट रहेगी।

4.4 बिन्दु क्रमांक 4.3 आशा कार्यकर्ताओं पर भी लागू होगा।

## 5 आयुसीमा -:

**5.1** सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमिलेयर) प्रशिक्षण वर्ग के लिये अभ्यर्थी की1 जुलाई 2020 को आयु न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 28 वर्ष होना चाहिये।

**5.2** आशा कार्यकर्ताओं के लिये आरक्षित सीटों में प्रवेश के लिये आशा कार्यकर्ता की 1 जुलाई 2020 को अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिये। आशा कार्यकर्ता के लिये आरक्षित सीटों में अधिकतम आयु सीमा(35 वर्ष) में छूट का कोई प्रावधान नही है।

**5.3** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन-क्रीमिलेयर) परित्यक्ता तथा विधवाओं के लिए आयुसीमा में 05 वर्ष की छूट दी जावेगी।

**5.4** अधिकतम आयु सीमा के सम्बंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी संशोधन लागू समझे जाएंगे।

## 6. निरर्हताएं -:

6.1 समय-समय पर यथा संशोधित मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम, 1961 के नियम 6 के उपबंधों के अनुसार 26 जनवरी, 2001 के पश्चात् उम्मीदवार को तीसरी संतान हो तो पात्र नहीं होंगें।

6.2 कोई भी उम्मीदवार जिसके विरूद्ध आपराधिक मामला न्यायालय में विचारित है अथवा न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है अनर्ह होगा।

6.3 पुरूष अभ्यर्थी अपात्र होगें।

6.4 मध्य प्रदेश शासन से जारी राजपत्र दिनॉक 10 मार्च 2000 अनुसार अभ्यर्थी के विवाह के समय आयु 18 वर्ष से कम हो, अयोग्य; अर्थात जिस अभ्यर्थी ने निर्धारित आयु 18 वर्ष से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेंगा।

6.5 किसी अभ्यर्थी की ओर से,अभ्यर्थी के लिए किसी भी साधन से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परीक्षा /चयन में उसके उपस्थित होने के लिए निरर्हित माना जा सकेगा।

6.6 परीक्षा कक्ष में दुर्व्यवहार एवं शांति भंग करने का प्रयास करने पर आवेदक परीक्षा से अयोग्य घोषित किये जा सकेंगें।

6.7 फर्जी दस्तावेज /दस्तावेज फेरबदल किया हो /चयन के स्तर पर जानकारी छिपाई हो /सारभूत जानकारी छुपाई हो तो ऐसे उम्मीदवार को अयोग्य माना जावेगा। चयनित होने के उपरान्त भी जानकारी गलत पाये जाने पर प्रवेश निरस्त किया जावेगा।

6.8 पररूप धारण (इम्परसोनेशन) किया हो या किसी अन्य व्यक्ति से पररूप धारण कराया हो, कार्यवाही करने पर परीक्षा से अयोग्य घोषित किया जाऐगा।

## 7. आरक्षण-:

7.1 मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियो और अन्य पिछडा वर्गो के लिये आरक्षण) अधिनियम 1994क्रं 21वर्ष 1994के उपबंधो के अनुसार लागू होगा।

7.2 अभ्यर्थी द्वारा आरक्षण का दावा :- आरक्षण का दावा कर रहे अभ्यर्थी के पास मध्यप्रदेश के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है और वह मंडल या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा मांग किए जाने पर मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। यदि अभ्यर्थी ऐसा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने मे असफल रहता है तो ऐसी अभ्यर्थियों चयन का दावा रद्द हो जाएगा, ऐसे रदद्करण का दायित्व केवल अभ्यर्थी का होगा।

7.3 बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया जनजातिय के अभ्यार्थियों के लिए,विशेष पिछड़ी जनजाति के लिये किये गये विशेष प्रावधान का पालन करते हुये मध्यप्रदेश शासन,सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक एफ-7-74/2016/आ.प्र/.एकदिनाँक 25.10.2016 मे उल्लेखित प्रावधान अनुसार तथा परिपत्र क्रमांक एफ-6-1/2002/आ.प्र/.एक दिनाँक 23.05.2014 के अनुसार चयन परीक्षा नहीं ली जाएगीं । इस हेतु संबंधित अभ्यर्थियो को अपना आवेदन पत्र पी. ई. बी. को न भेजते हुए सीधे संबंधित विभाग को प्रेषित करना होगा।

7.4 अनुसूचित जनजाति की आरक्षित सीटों में से प्रथमत :बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया जनजातिय के अभ्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।

7.5 शेष रिक्त सीटो की पूर्ति अनुसूचित जनजाति के ओपन अभ्यर्थियो से की जावेगी।

7.6 आशा कार्यकर्ताओं के प्रवेश के लिये न्यूनतम 5 वर्ष का निरन्तर अनुभव रखने वाली आशा उम्मीदवारों के लिए, उपलब्ध सीटों में 5 प्रतिशत् आरक्षित रखी जावेगी।

7.7 क्रमांक एफ 07-11/2019/आ.प्र/.एक भोपाल, दिनाँक 02 जुलाई, 2019 के अनुसार आर्थक रूप से कमजोर वर्ग (ई.उब्ल्यू.एस. ) को 10प्रतिशत आरक्षण की सुविधा बाबत।

**नोट -:अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मान्य किया जावेगा।**

## 8. <u>चयन प्रक्रिया -</u>

**8.**1 शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में बीएससी. नर्सिंग के प्रशिक्षण में चयन हेतु प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा एक चयन परीक्षा(पी.एन.एस.टी.)आयोजित की जावेगी। मंडल इस परीक्षा के आधार पर एकजाई प्रवीण्यता सूची श्रेणीवार विभाग को उपलब्ध करावेगा।

विभाग द्वारा एम.पी.आनलाईन के माध्यम से काउंसलिंग आयोजित की जावेगी। काउंसलिंग प्रक्रिया में पी.ई.बी. का कोई हस्ताक्षेप नहीं होगा | काउंसलिंग में छात्राओं को उनके द्वारा दिये विकल्प अनुसार मेरिट के आधार पर नर्सिंग महाविद्यालय आवंटित किया जावेगा। एम.पी.आनलाईन के माध्यम से आवंटित महाविद्यालय में निर्धारित दिनांक तक उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। उपस्थिति के समय छात्राओं के मूल प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेखो का परीक्षण किया जावेगा। मूल प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य रहेगा। समस्त अभिलेखों के परीक्षण उपरांत उपयुक्त उम्मीदवारों को ही प्रवेश दिया जावेगा।

### 8.2 न्यूनतम अर्हकारी अंक (कट ऑफ मार्क्स) :-

मंडल द्वारा संचालित परीक्षा में केवल उन्ही अभ्यर्थियों के नाम सफल अभ्यर्थियों की सूची में सम्मिलित किए जाएंगे जिन्होंने निर्धारित कुलअंक में से अर्हकारी अंक प्राप्त किए हो। इस प्रयोजन हेतु अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 45 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 5 प्रतिशत तक अंक की छूट देते हुए 40 प्रतिशत न्यूनतम अहर्ता अंक होंगे।

## 9. बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा और सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी करना-:

9.1 बोर्ड, सफल अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर उनकी एक संयुक्त सूची जारी करेगा जिसमें अनुसूचितजातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछडें वर्गो को खुली श्रेणीमें रखा जाएगा। ऐसे अभ्यर्थि जो

अन्य पिछड़ा वर्ग के है और क्रीमीलेयर मे आते है, आरक्षण के लाभ, आयुसीमा मे छूट या इस प्रवर्ग के लिए किसी अन्य लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे।

9.2 आरक्षित श्रेणी का कोई अभ्यर्थी अनारक्षित पदों के विरूद्ध समायोजित किया जाएगा यदि वह बिना किसी छूट (जिसमें अभ्यर्थी द्वारा किसी भी आरक्षण का लाभ यथा आयु, शैक्षणिक योग्यता में नही लिया गया है तो ओपन केटेगरी में आएगा )|

9.3 अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति तथा अन्यपिछड़े वर्ग क्रीमीलेयर का कोई उम्मीदवार अपनी योग्यता के आधार पर अनारक्षित (ओपन) सूची में स्थान प्राप्त कर लेता है तो उसकी अनारक्षित श्रेणी में गणना की जायेगी और ऐसे अभ्यर्थी को उसके संबंधित आरक्षित प्रवर्ग की संख्या मे नहीं जोड़ा जावेगा ।

9.4 आरक्षण का लाभ देते हुए संयुक्त खुली सूची जारी करने के पश्चात् अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़ा वर्गो नॉन क्रीमीमलेयर के सफल अभ्यर्थियों की पृथक-पृथक सूची जारी की जाएगी।

## 10. अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया जाना-:

मंडल एक विज्ञापन जारी करेगा जिसमें आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख का उल्लेख किया जाएगा, अभ्यर्थी अपना आवेदन ऑनलाइन नियत तिथि में जैसा की मंडल द्वारा निर्देशित किया जाए प्रस्तुत करेंगें।
अनिवार्य दस्तावेज जो ऑनलाईन आवेदन के समय स्केन कॉपी अपलोड किया जाना होगा -:

a. 10 वीं की अंकसूची जन्म दिनॉक की पुष्टी हेतु ।
b. **12** वी की **10+2** प्रणाली में अंक सूची
c. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मध्यप्रदेश द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र ।
d. मध्य प्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र ।

## 11. आवेदन शुल्कः-

a. आवेदन शुल्क की प्रक्रिया, प्रपत्र एवं शुल्क आदि का निर्धारण प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड के मापदंडों के अनुसार होगा जिसका व्यय स्वयं आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा ।
b. आवेदन पत्र एम पी ऑन लाईन कियोस्क माध्यम से प्रस्तुत किये जा सकते है; जिसका शुल्क आवेदक द्वारा कियोस्क केन्द्र पर नगद भुगतान करना होगा ।
c. ऑनलाईन आवेदन त्रुटि सुधार एवं संशोधन का एक अवसर आवेदक को प्रदान किया जावेगा, जिसका भार आवेदक द्वारा प्रोफेशनल एक्जॉमिनेशन बोर्ड के मापदंडों के अनुसार देय होगा ।
d. शुल्क मे छूट जो की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्यपिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों को लागू है, मध्यप्रदेश के उन मूलनिवासियों को ही लागू होगी जिन्हे मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछडा वर्ग का घोषित किया गया है ।
e. ऐसे अभ्यर्थी जो अन्य पिछड़ा वर्ग के है और क्रीमीलेयर मे आते है, आरक्षण के लाभ, आयुसीमा मे छूट या इस प्रवर्ग के लिए किसी अन्य लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे ।

## 12. परीक्षा का पाठ्यक्रम-:

परीक्षा मंडल द्वारा अंतिम रूप प्रदान किए गए पाठ्यक्रम के आधार पर आयोजित की जाएगी।

## 13. सहवरिष्ठता -:

परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची निर्धारित होगी, परन्तु परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की आपसी सहवरिष्ठता आयु के आधार पर निर्धारित की जावेगी । आयु समान होने की स्थिति में चयन परीक्षा के विषयों में उल्लेखित विषयों की महत्ता के निम्नलिखित क्रम में उनके

प्राप्तांकों को आधार बनाकर निश्चित किया जावेगा। प्रथम- जीव विज्ञान, द्वितीय-रसायन, तृतीय- भौतिकी एवं चतुर्थ- अंग्रेजी ।

यह आवश्यक नहीं है की अंतिम **CUT-OFF** मार्क पर समान अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को चयन सूची में लाया जावे।

## 14. प्रवेश प्रक्रिया-:

14.1 मंडल द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करते समय अंकसूची में भी उम्मीदवारों की मेरिट का उल्लेख किया जावेगा । प्रशिक्षण केन्द्र का आवंटन एम.पी. आनलाईन के माध्यम से आन लाइन काउंसलिंग द्वारा किया जावेगा । मेरिट सूची के आधार पर छात्राओं को उनके द्वारा एम.पी.आनलाईन में किये गये पंजीयन के आधार पर प्रशिक्षण केंद्रो में प्रवेश दिया जावेगा।

नोट – वर्ष 2020 जुलाई सत्र में प्रवेश हेतु लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पृथक से कोई काउंसलिंग नहीं की जावेगी।

जो उम्मीदवार नियत तिथि को उपस्थित नहीं होगें, उनका कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। उपस्थित होने वाले उम्मीदवारो को मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश दिया जावेगा ।

नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश की प्रथम चरण की काउंसलिंग के उपरांत रिक्त सीटों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग की वेबसाईट www.health.mp.gov.in एवं एम.पी.आनलाईन पर प्रकाशित की जावेगी ।

14.2 **प्रवेश के लिये प्रमाण-पत्रों की सूची:-** उम्मीदवारों को बीएससी नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश के समय आवंटित प्रशिक्षण केन्द्रों में निम्न मूल प्रमाण-पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। **किसी भी प्रमाण पत्र की कमी होने की स्थिति में अपात्र माना जावेगा एवं उनको प्रवेश नहीं दिया जावेगा।** इस संबंध में कोई अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

1. माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश/मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा परिषद् भोपाल/सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त स्कूलों की 10+2 प्रणाली की कक्षा दसवी एवं बारहवीं की अंकसूची (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, बायोलॉजी (साइंस बायो ग्रुप)) प्रत्येक की एक-एक सत्यापित एवं मूल अंकसूची।
2. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मध्यप्रदेश द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति सत्यापित कराकर साथ में लावें।
3. मूल निवासी प्रमाण पत्र की मूल प्रति सत्यापित छायाप्रति ।
4. प्रदेश के किसी भी जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया फिटनेस प्रमाण पत्र मान्य किया जावेगा। गर्भवती उम्मीदवार प्रशिक्षण हेतु अपात्र होगी।
5. आशा कार्यकर्ताओं के लिये 5 वर्ष निरन्तर कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा अनुशंसित सेवा अनुभव प्रमाण पत्र ।
6. पी.एन.एस.टी. परीक्षा की अंकसूची/प्रवेश पत्र मूलतः एवं सत्यापित छायाप्रति।

टिप्पणीः-

(i) आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार को स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही आरक्षित वर्ग में चयन किया जायेगा।

(ii) प्रवेश हेतु उम्मीदवार सुनिश्चित कर लें कि अध्याय-एक में दिये नियमों के अनुसार वे प्रशिक्षार्थी प्रवेश हेतु पूर्ण रूप से पात्र है।

(iii) किसी भी उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाने पर उसे प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा एवं उपयुक्त विधिक कार्यवाही भी की जावेगी।

**उम्मीदवार को मेरिट सूची के आधार पर शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश दिया जावेगा । अपने मूल दस्तावेज का सत्यापन समय सीमा में कराना अनिवार्य होगा । उपस्थिति के समय छात्राओं के मूल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया जावेगा । मूल प्रमाण-पत्र दिखाना अनिवार्य रहेगा । समस्त अभिलेखों के परीक्षण उपरांत उपयुक्त उम्मीदवारों को ही प्रवेश दिया जावेगा । आवंटित नर्सिंग महाविद्यालय में उपस्थिति देने की निर्धारित तिथितक उपस्थित होना अनिवार्य है । उक्त सत्यापित दस्तावेज गलत पाए जाने पर प्रवेश निरस्त किया जाएगा ।**

**15. चयन उपरांत पी.टी.एस. (प्रिलिमिनरी ट्रेनिंग ऑफ स्टूडेन्ट परीक्षा) उत्तीर्ण करना अनिवार्य: -**

चयन उपरान्त प्रशिक्षण केन्द्रों में 3 माह के प्रशिक्षण के बाद पी.टी.एस. (प्रिलिमिनरी ट्रेनिंग ऑफ स्टूडेन्ट परीक्षा) जो कि संबंधित संस्था द्वारा ली जायेगी उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इस परीक्षा में असफल होने पर प्रशिक्षण से निष्कासित कर दिया जावेगा।

**16. प्रशिक्षण अवधि के पूर्ण होने के पूर्व सीट त्यागना :-**

चयनित छात्रा द्वारा यदि शैक्षणिक सत्र के बीच में सीट त्याग दी जाती है अथवा प्रशिक्षण छोडा जाता है तो अभ्यर्थी से अनुबंध अनुसार राशि रूपयें /200000- की अनुबंध राशि वसूल की जावेगी । क्योंकि जो सीट प्रशिक्षण छोडने से रिक्त हुई है उसका लाभ अन्य अभ्यर्थि को प्राप्त हो सकता था परन्तु अभ्यर्थि द्वारा प्रशिक्षण अवधि के मध्य में प्रशिक्षण छोडने के कारण उक्त सीट रिक्त रहेगी।

**17. प्रवेश रद्द करना-:**

यदि यह पाया गया कि कोई उम्मीद्वार संस्था में झूठी/गलत सूचना देकर सुसंगत तथ्यों को छुपाकर प्रवेश पा लेने में सफल हो गया है या प्रवेश के पश्चात् किसी भी प्रमाण-पत्र परीक्षण उपरांत फर्जी पाये जाने की स्थिति में चूकवश प्रवेश मिल गया है तो उम्मीद्वार को दिया गया प्रवेश संस्था द्वारा उसके प्रशिक्षण काल के दौरान तुरंत बिना सूचना के रद्द किया जाएगा । प्रवेश संबंधी किसी भी विवाद में स्वास्थ्य आयुक्त/संचालक, स्वास्थ्य सेवायें का निर्णय अंतिम होगा ।

**18. चयन हेतु नीति के निर्धारण एवं नियम के अर्थ लगाने का अधिकार केवल राज्य शासन को :-**

उम्मीद्वार के प्रवेश हेतु चयन संबंधी नीतियों के प्रश्न पर निर्णय लेने के लिये राज्य शासन अंतिम प्राधिकारी रहेगा । यदि इन प्रवेश नियमों के अर्थ लगाने (Interpretation) से संबंधित कोई प्रश्नउपस्थित होता है तो राज्य शासन का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा ।

**19. नियमों प्रवेश प्रक्रिया में संशोधन का अधिकार -:**

राज्य शासन प्रवेश के किसी भी नियम/प्रक्रिया में किसी भी समय संशोधन करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है । इस तरह किया गया कोई भी संशोधन बंधनकारी होगा ।

**20.** **प्रशिक्षण अवधि में पालन की जाने वाली अनिवार्य शर्तें एवं नियम -:**शासकीय नर्सिंग महाविघालयों प्रवेश के उपरान्त परीक्षार्थी को जिन नियमों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा वे नियम परिशिष्ट - "अ"में दिये गये हैं।

**21.** **प्रशिक्षण के सफल समापन (उत्तीर्ण) के उपरान्त शासकीय सेवा में नियुक्ति के पूर्व Pre Service Examination लिया जाना-:**

21.1 शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों से सफलतापूर्वक बी.एस.सी .नर्सिंग उत्तीर्ण होने के उपरान्त तत्समय विभाग के अधीन चिकित्सा संस्थाओं में स्टॉफ नर्सेस के पद रिक्त होने की स्थिति में नियुक्ति हेतु प्री सर्विस एक्जामिनेशन लिया जावेगा एवं उक्त वर्ष में उपलब्ध स्टाफ नर्सेस के रिक्त पदों/आवश्यकता के आधार पर मैरिट/वरीयता का निर्धारण करते हुऐशासकीय चिकित्सा संस्थाओं में नियुक्ति प्रदान की जावेगी।

21.2 Pre Service Examination में चयन उपरान्त पदभार ग्रहण करने के पश्चात् विभाग के अधीन न्यूनतम 5 वर्ष की शासकीय सेवा निर्दिष्ट स्वास्थ्य संस्थानमें देने हेतु चयनित अभ्यर्थी बाध्य होगी अन्यथा राशि रूपये 2 लाख की वसूली, डिफाल्टर अभ्यर्थी से की जावेगी।

**परिशिष्ट -अ**

**<u>बी.एस.सी. नर्सिंग हेतु नियम एवं शर्ते</u>**

1. बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षण की अवधि चार वर्ष की होगी ।
2. प्रशिक्षण अवधि में छात्रावास में निवास करना व छात्रावास के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा ।
3. प्रशिक्षण अवधि में गर्भधारण करना प्रशिक्षण हेतु अयोग्यता मानी जायेगी ।
4. प्रशिक्षण केन्द्र में जो अवकाश स्वीकृत होगे वही प्रदाय किये जावेगे । मेडिकल की स्थिति में अधिकतम 10 दिवस का मेडिकल अवकाश मिलेगा ।
5. प्रशिक्षणार्थियों को ड्यूटी के समय संचालनालय के परिपत्र क्रमांक 9/नर्सिंग/प्रशि-. 3/94/1588/1601, दिनांक 7-5-1994 के अनुसार संशोधित गणवेश पहनना अनिवार्य होगा।
6. प्रत्येक सप्ताह में एक दिन के लिये अभिभावक से मिल सकने की व्यवस्था और बड़े त्यौहारों पर अपने अभिभावक के पास जाने की अनुमति दी जा सकेगी ।
7. छात्राओं को प्रशिक्षण अवधि में उनके माता-पिता अभिभावक द्वारा भर्ती के समय लिखित में अधिकृत किये गये व्यक्तियों से ही मिलने की अनुमति दी जावेगी।
8. छात्राओं को कार्य (ड्यूटी समय) पर होते हुए रिश्तेदारों से मिलने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।
9. ड्यूटी में अवकाश के समय छात्राओं को अकारण चिकित्सालय में घूमने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।
10. छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को मेस में भोजन करना अनिवार्य है ।
11. छात्राओं को आवंटित पास के दिन बाहर जाने पर पुनः संध्याकालीन रोल के समय छात्रावास में रहना अनिवार्य होगा ।
12. छात्राओं को बाहर आने-जाने पर अपना नाम एवं पता अपने जाने का समय रजिस्टर में अंकित करना तथा हस्ताक्षर कराना अनिवार्य है ।
13. प्रशिक्षण के दौरान एक प्रशिक्षण केन्द्र से दूसरे प्रशिक्षण केन्द्र में स्थानांतरण का कोई प्रावधान नहीं है ।
14. उपरोक्त निर्देशों/शर्तों का कड़ाई से पालन ना करने पर एवं प्राचार्य की शिकायत के आधार पर छात्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा ।
15. उपरोक्त नियमों के अलावा प्रभारी प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा प्रशासकीय दृष्टि से बनाये गये नियमों का पालन करना भी छात्राओं के लिये अनिवार्य होगा ।
16. बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षण छात्राओं द्वारा 2,00,000/- (दो लाख रूपये) के बॉण्ड के साथ सॉल्वेंसी भरना अनिवार्य है । शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित के अनुसार अनुबंध बॉण्ड भरना होगा ।

अपर संचालक (नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्य प्रदेश

# PNST – 2020

# PRE NURSING SELECTION TEST – 2020

(B.Sc. NURSING SELECTION TEST)

FOR GIRLS ONLY

केवल लड़कियों के लिये बी.एस.सी.नर्सिंग में प्रवेश हेतु

उम्मीदवारों का चयन संबंधी नियम

मध्यप्रदेश शासन

चयन नियम

## RULES FOR SELECTION

SELECTION OF CANDIDATES FOR ADMISSION TO B.Sc. NURSING

(4 YEARS COURSE) TO GOVERNMENT NURSING COLLEGES

## 2020

Made and Issued by

**DIRECTORATE OF HEALTH SERVICES**

**&**

**DIRECTORATE OF MEDICAL EDUCATION**

**GOVT.OF MADHYA PRADESH, BHOPAL**

# अध्याय - 1(ब)

**बी.एस.सी.नर्सिंग कॉलेजों में प्रशिक्षण हेतु**

**चयन के लिए नियम - 2020**

**1.1 सामान्य :**

1.1 ये नियम राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के ''शासकीय बी.एस.सी.नर्सिंग कॉलेजों में प्रशिक्षण हेतु चयन के नियम'' कहलायेंगे ।

1.2 ये नियम उन उम्मीदवारों पर लागू होंगे जो मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेश लेना चाहते हैं ।

**1.3 परिभाषाएं :**

इन नियमों में -

1. राज्य शासन से तात्पर्य मध्यप्रदेश शासन ।
2. टेस्ट से तात्पर्य है Pre-Nursing (B.Sc. Nursing) Selection Test (PNST) प्री नर्सिग चयन परीक्षा ।
3. आयुक्त/संचालक से तात्पर्य है स्वास्थ्य आयुक्त/संचालक चिकित्सा शिक्षा सेवायें, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संचालनालय, भोपाल ।
4. वर्ग से तात्पर्य है 3 वर्गों के उम्मीदवार तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग जिनके लिये सीटें प्रचलित नियमों के अन्तर्गत आरक्षित की गयी है ।

**2.1 सीटों का आरक्षण :**

बी.एस.सी.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ी जाति (क्रीमीलेयर को छोड़कर) वर्गो के लिये क्रमश: प्रवेश क्षमता का 16% 20% 14% तथा 10% सीटों का आरक्षण किया गया है तथा ऐसी आरक्षित सीटों का ब्यौरा परिशिष्ट - ''अ'' - में दिया गया है ।

**टिप्पणी :-**

(अ) विभिन्न आरक्षित वर्गों में से उम्मीदवार केवल एक ही वर्ग में आरक्षण का दावा कर सकता है।

(ब) जिस आरक्षित वर्ग में प्रवेश हेतु दावा किया जा रहा है, उम्मीदवार को उससे संबंधित प्रमाण पत्र इस परीक्षा की नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। (जी.एन.एस.टी. में उपयोग किये गये प्रारूप की छायाप्रति संलग्न है)

**नोट :-** प्रवेश हेतु नियम पुस्तिका में जहाँ-जहाँ प्रमाण-पत्रों के प्रारूपों का उल्लेख किया गया है, ये सभी प्रारूप नियम पुस्तिका के अंत में (अध्याय-4) देखें।

2.2 मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति (एस.सी.) तथा अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) वर्ग - ऐसे उम्मीदवार जो मध्यप्रदेश की अनुसूचित जाति में या अनुसूचित जनजाति वर्ग में होने का दावा करता है, उसे प्रवेश के आवंटित केन्द्र में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगें :-

(अ) सक्षम अधिकारी के नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र।

(ब) इसी नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में उम्मीदवार अपने पिता का नाम और यदि पिता जीवित न हो तो माता का नाम, यदि माता-पिता दोनों न हों तब वैध अभिभावक का नाम का शपथ-पत्र।

(स) विवाहित लड़की के संबंध में यह शपथ-पत्र उसके पति द्वारा प्रस्तुत किया जाना होगा।

(द) यदि ऐसा शपथ-पत्र किसी भी प्रकार से झूठा या गलत पाया गया तो उम्मीदवार का प्रवेश संबंधी दावा अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं यदि उसने प्रवेश पा लिया है तो उसे निरस्त कर दिया जावेगा।

2.3 अन्य पिछड़ा वर्ग क्रीमीलेयर को छोड़कर - ऐसा उम्मीदवार जो मध्यप्रदेश की अन्य पिछड़ी जाति क्रीमीलेयर को छोड़कर वर्ग में होने का दावा करता है तो उसे प्रवेश के समय सक्षम अधिकारी द्वारा नियम पुस्तिका में दिये गये निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

**3.1 प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तें :-**

3.2 अधिवासी संबंधी आवश्यकताएं :-

प्रवेश हेतु चयन के लिये केवल ऐसे उम्मीदवार की पात्रता होगी :-

1. जो भारत का नागरिक हो ।

2. मध्यप्रदेश के शासन के नियमानुसार मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो ।

**टिप्पणीः-**मध्यप्रदेश का मूल निवासी संबंधी प्रमाण-पत्र प्रपत्र में दिये गये प्रारूप के अनुसार संबंधित जिले के कलेक्टर अथवा कलेक्टर द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए।

**स्पष्टीकरण** :- विकलांग उम्मीदवारों के लिये आरक्षण मध्यप्रदेश के नियमानुसार लागू होगा। नर्सिंग जिसका सीधा संबंध जन सामान्य के स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज में है। सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग म0प्र0 का राजपत्र दिनाँक 2019/12/20 के अनुसार शारिरिक रूप से दिव्यांग (लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त,बोनापन, एसिड अटैक पीडित मस्कुलरडिस्ट्राफी) प्रवेश हेतु पात्र होंगें इसके अतिरिक्त अन्य दिव्यांग उम्मीदवार प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अपात्र होंगें |

3.3 **शैक्षणिक अर्हता :-** बी.एस.सी.नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उम्मीदवार माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश की 10+2 प्रणाली की 12वीं कक्षा में भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीवविज्ञान एवं अंग्रेजी अनिवार्य विषयों को लेकर न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण हो । आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत अंक की छूट रहेगी।

**अथवा**

मध्यप्रदेश में संचालित सी.बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त स्कूलों से 10+2 प्रणाली की 12वीं कक्षा में भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीवविज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों को लेकर न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण उम्मीदवारों को उक्त चयन में प्रवेश हेतु पात्रता होगी । आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत अंक की छूट रहेगी ।

3.4 अर्हकारी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे अभ्यर्थियों की पात्रता :- प्रवेश परीक्षा में वे छात्राएं भी सम्मिलित हो सकती हैं जो इस वर्ष (3.3) में वर्णित परीक्षाओं में सम्मिलित हो रहीं है । पूरक (सप्लीमेंट्री) आने पर प्रवेश हेतु पात्रता नहीं होगी

3.5 **आयु सीमा :-** 1 जुलाई 2020 को उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं अधिकतम आयु 28 वर्ष होनी चाहिये । अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं परित्यक्ता तथा विधवाओं के लिये आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

3.6 **स्पष्टीकरण :-** आयु सीमा की गणना करते समय उच्चतर माध्यमिक शिक्षा मंडल का प्रमाण-पत्र (10वीं) या इसकी अंकसूची में जो जन्मतिथि अंकित होगी उसे ही मान्य किया जावेगा । अन्य दस्तावेजों को प्रमाण-पत्र के रूप में मान्य नहीं किया जावेगा ।

4.1 **चयन प्रक्रिया :-**

4.1 प्रदेश के विभिन्न शा. नर्सिंग महाविद्यालयों बी.एस.सी.नर्सिंग प्रशिक्षण में चयन हेतु व्यवसायिक परीक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चयन परीक्षा बी.एस.सी.नर्सिंग चयन

परीक्षा (प्री.नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट) आयोजित की जावेगी। मंडल द्वारा इस परीक्षा के आधार पर उम्मीदवारों की प्रावीण्य सूचियां वर्गवार उपलब्ध करायी जावेगी ।

**नोट :-** अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग को कोई उम्मीदवार, जिसका नाम आरक्षित वर्ग की मेरिट/प्रतीक्षा सूची के साथ ही साथ अनारक्षित वर्ग की मेरिट/प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित है, तो ऐसी स्थिति में उम्मीदवार को काउंसलिंग के दौरान यह विकल्प होगा की वह सीट आरक्षित वर्ग का चयन करें अथवा अनारक्षित वर्ग का चयन करें।

4.2 इस चयन परीक्षा के लिये किसी न्यूनतम अर्हकारी अंकों का प्रावधान नहीं रखा गया है । प्रवेश हेतु केवल एक प्रश्न-पत्र होगा, जिसमें भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी विषयों के भाग होगें । सभी विषयों का मूल्यांकन अलग-अलग होगा एवं सभी के अंक मिलाकर एक प्राप्तांक होगा। मेरिट सूची अंग्रेजी विषय के अंको को जोड़कर तैयार की जावेगी ।

4.3 समान कुल प्राप्त अंक प्राप्त परीक्षार्थियों की प्रावीण्यता :- परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची निर्धारित होगी, परन्तु परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की आपसी सहवरिष्ठता आयु के आधार पर निर्धारित की जावेगी । आयु समान होने की स्थिति में चयन परीक्षा के विषयों में उल्लेखित विषयों की महत्ता के निम्नलिखित क्रम में उनके प्राप्तांकों को आधार बनाकर निश्चित किया जावेगा। प्रथम-जीव विज्ञान, द्वितीय-रसायन, तृतीय- भौतिकी एवं चतुर्थ- अंग्रेजी ।

4.4 प्रवेश परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर मंडल द्वारा निर्धारित सीटों के मान से वर्ग अनुसार मेरिट सूचियां बनायी जावेंगी ।

5.1 **प्रवेश प्रक्रिया :-**

5.1(अ) मंडल द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करते समय अंकसूची में भी उम्मीदवारों के मेरिट क्रम वर्गवार (सामान्य केटेगरी/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग) उल्लेख किया जावेगा। प्रशिक्षण केन्द्र का आवंटन एम.पी.आनलाईन के माध्यम से किया जावेगा। मेरिट सूची के आधार पर छात्राओं को उनके द्वारा एम.पी.आनलाईन में किये गये पंजीयन के आधार पर प्रशिक्षण केंद्रों में प्रवेश दिया जावेगा।

**नोटः-** वर्ष 2020 जुलाई सत्र में प्रवेश हेतु लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पृथक से कोई काउंसलिंग नहीं की जावेगी । एम.पी.आनलाईन के माध्यम से आवंटित नर्सिंग महाविद्यालय में दिनांक......................... को उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। उपस्थिति के समय छात्राओं के मूल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया जावेगा। मूल प्रमाण-पत्र दिखाना अनिवार्य रहेगा। समस्त अभिलेखों के परीक्षण उपरांत

उपयुक्त उम्मीदवारों को ही प्रवेश दिया जावेगा। आवंटित नर्सिंग  महाविद्यालय में उपस्थिति देने की तिथि ...................... निर्धारित है ।

5.1(ब) **चिकित्सा शिक्षा विभाग :-** पी.ई.बी. द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करते समय अंकसूची में भी उम्मीदवारों के मेरिट क्रम कर वर्गवार (सामान्य केटेगरी/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग) उल्लेख किया जावेगा । चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीनस्थ शासकीय नर्सिंग  महाविद्यालय, इन्दौर, भोपाल, सागर, ग्वालियर, जबलपुर व रीवा मे प्रवेश हेतु काउंसलिंग अलग से एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से आयोजित की जायेगी एवं एम.पी.आनलाईन के माध्यम से आवंटित नर्सिंग महाविद्यालय में दिनांक.................. को उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। उपस्थिति के समय छात्राओं के मूल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया जावेगा। मूल प्रमाण-पत्र दिखाना अनिवार्य रहेगा। समस्त अभिलेखों के परीक्षण उपरांत उपयुक्त उम्मीदवारों को ही प्रवेश दिया जावेगा। काउंसलिंग हेतु तिथि एवं प्रक्रिया की विज्ञप्ति पृथक से विभिन्न समाचार पत्रों में जारी की जावेगी ।

5.2 **प्रवेश के लिये प्रमाण-पत्रों की सूची :-** उम्मीदवारों को बी.एस.सी.नर्सिंग  महाविद्यालय में प्रवेश के समय आवंटित प्रशिक्षण केन्द्रों में निम्नांकित मूल प्रमाण-पत्रों को साथ में लाना अनिवार्य है। किसी भी प्रमाण पत्र की कमी होने की स्थिति में उम्मीदवार को अपात्र माना जावेगा एवं उनको प्रशिक्षण हेतु प्रवेश नहीं दिया जावेगा। इस संबंध में कोई अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

1. 10+2 प्रणाली की कक्षा दसवी, बारहवी की अंकसूची (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, बायोलॉजी (साइंसबायो ग्रुप) अंग्रेजी विषय अनिवार्य प्रत्येक की एक-एक सत्यापित एवं मूल अंकसूची ।
2. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति सत्यापित कराकर साथ में लावें ।
3. मूल निवासी प्रमाण-पत्र की मूलप्रति एवं प्रत्येक की सत्यापित छायाप्रति ।
4. प्रदेश के किसी भी जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया फिटनेस प्रमाण-पत्र। गर्भवती उम्मीदवार अपात्र (अनफिट) होगी ।

**टिप्पणी :-**

**(i)** आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार को स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही आरक्षित वर्ग में चयन किया जायेगा ।

**(ii)** काउंसलिंग में आने के पूर्व उम्मीदवार सुनिश्चित कर लें कि अध्याय-एक में दिये नियमों के अनुसार वे प्रशिक्षणार्थी प्रवेश हेतु पूर्ण रूप से पात्र है अन्यथा काउंसलिंग में उपस्थित न हों ।

**(iii)** किसी भी उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाने पर उसे प्रशिक्षण से निष्कासित किया जावेगा।

6.1 **प्रशिक्षण के उपरांत 5 वर्ष की अनिवार्य शासकीय सेवा :-**

सभी चयनित 120 उम्मीदवारों को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में 4 वर्ष के सफल प्रशिक्षण उपरान्त स्टॉफ-नर्स के पद पर म.प्र. में कहीं भी 5 वर्ष की शासकीय सेवा करना अनिवार्य है, अन्यथा अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण का पूरा व्यय उम्मीदवार से वसूल किया जाएगा। अनुबंध-पत्र समय पर न देने पर प्रवेश निरस्त किया जावेगा एवं स्टाईफण्ड भी नहीं दी जाएगी।

**चिकित्सा शिक्षा विभाग :-** प्रशिक्षण के उपरांत 5 वर्ष की अनिवार्य शासकीय सेवा :-

चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा संचालित सभी अध्ययनरत 420 उम्मीदवारों को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में 4 वर्ष के सफल प्रशिक्षण उपरान्त स्टॉफ-नर्स के पद पर म.प्र. के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत चिकित्सालयों में कहीं भी 5 वर्ष की शासकीय सेवा देना अनिवार्य है, अन्यथा अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण का पूरा व्यय उम्मीदवार से वसूल किया जाएगा। अनुबंध-पत्र समय पर न देने पर प्रवेश निरस्त किया जावेगा एवं स्टाईफण्ड की पात्रता नही होगी ।

7.1 **प्रवेश रद्द करना :-**

